संख्या- 221 /2021/ 2332 /चार-2021

प्रेषक,

विनय श्रीवास्तव,
अनु सचिव
उ0प्र0शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 17 दिसम्बर, 2021

विषय: सोनचिरैया के कार्यक्रम 'देशज' के आयोजन हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- 3369/सं0नि0-15(62)/2021-22(1), दिनांक 11 दिसम्बर, 2021 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सोनचिरैया लोक संगीत उत्थान समिति, लखनऊ द्वारा 'भारत के स्वाधीनता संग्राम में लोक कलाकारों का योगदान' पर केन्द्रित तीन दिवसीय विशाल एवं भव्य लोक महोत्सव 'देशज' के आयोजन हेतु रू0 8.00 लाख (रू0 आठ लाख मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जाती है।

3- स्वीकृत की गयी धनराशि का नियमानुसार आहरण करते हुए, धनराशि सचिव, उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ के खाते में उपलब्ध करायी जायेगी। सचिव, उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ द्वारा कलाकारों को धनराशि का भुगतान किया जायेगा।

4- उक्त धनराशि का वहन चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-92 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2205-कला एवं संस्कृति-800-अन्य व्यय-19-चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव-42-अन्य व्यय मद से किया जायेगा।

भवदीय,
(विनय श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

संख्या- 221 /2021/ 2332(1) /चार-2021, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रधान महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 प्रयागराज।
2- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0, जवाहर भवन, लखनऊ।
3- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- सचिव, उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ
5- सचिव, सोनचिरैया लोक संगीत उत्थान समिति, लखनऊ।
6- वित्त(लेखा) अनुभाग-1/वित्त(ई-7) अनुभाग।
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(विनय श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in